हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 12 मई 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

तापमान
अधिकतम 38.2 डिग्री
न्यूनतम 27.6 डिग्री

उपमुख्यमंत्री का स्वागत कर खिलाड़ियों और... 14



छप्परों की मरम्मत कार्य में जुटे ग्रामीण 14



## आयोजन: उपमुख्यमंत्री अरूण साव सामूहिक आदर्श विवाह समारोह में हुए शामिल

# घोयनाबाहरा में सामाजिक समरसता और एकता का अद्वितीय संगम: उपमुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव

- 28 नवविवाहित जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह

जिले के बागबाहरा विकासखंड के कोमाखान स्थित घोयनाबाहरा में आयोजित सूरमाल साहू समाज के सामूहिक आदर्श विवाह स्वर्ण जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। समारोह के दौरान समाज के 28 नवविवाहित जोड़ों का विधिवत सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। साथ ही 1975 में इस आयोजन की नींव रखने वाले वरिष्ठ दंपतियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि यह आयोजन सामाजिक समरसता, एकजुटता और पारिवारिक मूल्यों का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि 50 वर्षों से निरंतर इस परंपरा को निभाना अपने आप में अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि समाज में एकजुटता और सहयोग का यह स्वरूप हमें भविष्य के लिए नई प्रेरणा देता है। साव ने घोयनबहारा ग्राम में सामुदायिक शेड निर्माण के लिए 15 लाख रुपए की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। इसके अलावा बागबाहरा से पिथौरा मार्ग में भव्य स्वागत द्वार के निर्माण की भी घोषणा की गई, जो क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को और सुदृढ़ करेगा।

इस अवसर पर महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी ने भी समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1975 में शुरू किया गया यह सामूहिक विवाह आयोजन आज एक सामाजिक आंदोलन बन चुका है। यह केवल विवाह नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना, सहअस्तित्व और समानता का प्रतीक बन गया है। उन्होंने आयोजन समिति को बधाई देते हुए समाज की इस सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने के लिए प्रेरित किया।

### अन्य जनप्रतिनिधियों व समाज प्रमुखों की उपस्थिति

समारोह में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, साहू समाज जिला अध्यक्ष धरमदास साहू, जिला स्काउट गाइड संघ के अध्यक्ष येतराम साहू, तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार साहू, सूरमाल साहू समाज के संरक्षक नारायण लाल साहू, भेखलाल साहू, अलका नरेश चंद्राकर देवेश साहू सहित समाज के सैकड़ों नागरिक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।





### उपमुख्यमंत्री साव कर्मा माता मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा एवं सम्मान समारोह में हुए शामिल

बसना विकासखंड के बोहारपार ग्राम में आयोजित कर्मा माता मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा एवं सम्मान समारोह में उपमुख्यमंत्री अरुण साव शामिल हुए। इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी, बसना विधायक संपत अग्रवाल सहित अन्य मौजूद रहे। नवनिर्मित कर्मा माता मंदिर में पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना पश्चात आयोजित सम्मान समारोह के दौरान उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि बसना के ग्राम बोहारपार में बहुत ही सुंदर एवं भव्य कर्मा माता मंदिर की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण से सनातन की परंपरा और सनातन का विचार अवश्य ही फलीभूत होगा। बसना विधायक संपत अग्रवाल ने कहा कि मंदिर निर्माण हेतु योगदान देने वालों को साधुवाद दिया। पश्चात उन्होंने मांग पर मंदिर परिसर में सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए विधायक निधि से 21 लाख रुपए देने की घोषणा की।

## खबर संक्षेप



### कार की टक्कर से बुजुर्ग घायल

**महासमुंद।** बागबाहरा रोड में यातायात कार्यालय के पास एक बुजुर्ग को कार ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस को घायल के पुत्र उत्तम सिन्हा ग्राम भलेसर ने बताया कि उसके पिता मोहन सिन्हा (उम्र 57 वर्ष) शनिवार को अपने निजी कार्य के चलते महासमुंद पहुंचे थे। बागबाहरा रोड में यातायात कार्यालय के पास स्थित पतंजलि दुकान एवं आरके ब्रिक्स दुकान के पास बागबाहरा रोड में करीब 8 से 8.30 बजे के बीच में एक कार चालक ने बहुत ही तेजी से लापरवाही पूर्वक अपने वाहन को चलाकर उसके पिता को टक्कर मार दी, जिसमें बुजुर्ग को गंभीर चोटें आई। प्रार्थी ने मामले में आरोपी कार क्रमांक सीजी 04 पीवाय 6352 के चालक के खिलाफ कोतवाली में शिकायत की है, जिस पर धारा 281, 125(ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## खेत से मोटर पंप, केबल और पाइप चोरी, मामला दर्ज

**पिथौरा (ग्रामीण)।** थाना क्षेत्र के ग्राम खैरखुटा में खेत से मोटर पंप, केबल तार और पाइप चोरी की घटना सामने आई है। इस संबंध में पीड़ित किसान कुबेर बारिक ने थाना पिथौरा में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि रात में उनके खेत से दो एचपी का मोटर पंप, करीब 100 फीट का केबल तार और 200 फीट का लपेटा पाइप चोरी कर लिया गया। चोरी की जानकारी किसान को चार दिन बाद मिली। जिसमें पाटनदादर निवासी त्रिलोचन भोई ने पीड़ित को जानकारी दी कि चोरी किया गया सामान बेचने की कोशिश की जा रही है। पाटनदादर निवासी जयलाल यादव पिता बैसाखू यादव ने उक्त सामान बेचने के लिए रखा है। ग्राम पंचायत के पंचों द्वारा सामान की पहचान की गई, जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि वह कुबेर बारिक का ही है। 8 मई को गांव में एक बैठक बुलाई गई, जिसमें आरोपी जयलाल यादव को उपस्थित होने के लिए कहा गया, लेकिन वह नहीं पहुंचा और फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पिथौरा थाना में भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 (2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी फरार है। मामले की जांच एएसआई सिकंदर भोई कर रहे हैं।

# टिकट चेकिंग से डरकर ट्रेन से कूदे 3 युवकों में एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

रायपुर से काटाबांजी पहुंचे 3 युवक वापस लौटने के दौरान बेटिकट यात्रा कर रहे थे। रायपुर जाने के दौरान टिकट चेकिंग में पकड़े जाने के डर से युवक चलती ट्रेन से कूद गए। 7 मई को यह घटना तब हुई जब ट्रेन पिटियाझर के पास महासमुंद स्टेशन में इंटर कर रही थी। इस घटना में एक युवक की मौत हो गई वहीं दो अन्य घायल हुए थे। कोतवाली पुलिस इस मामले की जांच कर रही थी।

कोतवाली पुलिस ने थाना महासमुंद मर्ग क्रमांक 74/25 धारा 194 बीएनएसएस के मृतक आदित्य सोना उर्फ मोंटी सोना पिता घनिष्टो सोना (उम्र 22 वर्ष) निवासी मां काली नगर वाल्टेयर गेट ओम कांप्लेक्स के पास फाफाडीह रायपुर की मृत्यु के संबंध में जांच के संबंध में पुलिस ने बताया कि 8 मई को थाना महासमुंद अंतर्गत पिटियाझर रेलवे ट्रैक के पास तीन व्यक्तियों के घायल अवस्था में पड़े होने की सूचना मिली। इसके बाद मौके पर पहुंचकर तीन व्यक्तियों के घायल एवं अचेत अवस्था में पड़े होने के बाद इलाज हेतु जिला अस्पताल में भेजा गया। डॉक्टर द्वारा आदित्य सोना उर्फ मोंटी सोना को मृत होना बताया, वहीं शेष दो युवक अजय बघेल उर्फ खिरसिंधु बघेल पिता शंकर बघेल (20 वर्ष) निवासी जागृतिनगर आरबीएच कॉलोनी फाफाडीह रायपुर एवं विक्की साहू पिता अश्विन साहू (21 वर्ष) निवासी जागृतिनगर आरबीएच कालोनी फाफाडीह रायपुर को इलाज हेतु अस्पताल दाखिल किया गया।

पुलिस ने जांच के दौरान दोनों घायलों से पूछताछ की जिस पर उन्होंने 7 मई को शाम करीब 04 बजे मृतक मोंटी सोना के साथ ट्रेन से रायपुर से कांटाबांजी जाना स्वीकार किया। कांटाबांजी रेलवे स्टेशन के पास मोंटी सोना के परिचित व्यक्ति से मृतक ने 600 रुपए में गांजा एवं नाइट्रोसुन 10 टेबलेट खरीदा, जिसका सेवन तीनों के द्वारा किया गया। इसके बाद मृतक के मामा द्वारा रायपुर घर वापस जाने हेतु कहने पर वापस लिंक एक्सप्रेस ट्रेन में बिना टिकट के बैठ कर वापस आने के दौरान टिकट चेकर को देखकर पकड़े जाने के भय से चलती ट्रेन से कूदना बताया। ट्रेन से कूदने के कारण ही आदित्य सोना उर्फ मोंन्टी सोना की मृत्यु होना बताया गया है, तथा वे दोनों घायल हुए। मामले में आरोपियों के खिलाफ

नारकोटिक ड्रग्स एंड साइक्रोट्रोपिक सब्सटानसिस एक्ट, 1985 की धारा 27 एलकेएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### महिला से मारपीट

**महासमुंद।** महिला से मारपीट करने वाले तीन लोगों के खिलाफ पटेवा थाने में रिपोर्ट दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया अरविंदर कौर निवासी झलप ने बताया कि 9 मई की रात करीब 11 बजे बच्चे को सुलाने की बात पर उसका अपने पति मनदीप सिंग खनूजा विवाद हो रहा था। इसी दौरान उसके ससुर कुलवंत सिंग खनूजा, जेठ लक्की खनूजा, देवर करण खनूजा एक राय होकर गाली गलौज करने लगे। मना करने पर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### विवाद के दौरान महिला ने पति से मारपीट की

**महासमुंद।** झलप में विवाद के दौरान एक महिला ने अपने पति से मारपीट कर दी। प्रार्थी मनदीप सिंह खनूजा ने पटेवा पुलिस को बताया कि 9 मई की रात करीबन 11 बजे कटहल फल को फेंकने एवं बच्चे को अपने चाचा से मिलने की बात पर से उसका पत्नी अरविन्दर कौर के साथ विवाद हो रहा था। इस दौरान प्रार्थी की पत्नी गाली गलौज करने लगी, जिसे मना करने पर गैस चूल्हा बर्तन स्टैंड से मारपीट किया, जिससे सिर से खून बहने लगा। आवाज सुनकर प्रार्थी के पिता कुलवंत सिंग खनूजा, बड़े भाई हरमीत सिंग उर्फ लक्की खनूजा, छोटा भाई जसप्रीत सिंग उर्फ करण खनूजा वहां आए, जिनके साथ भी भी आरोपी महिला ने गाली गलौज किया। रिपोर्ट पर आरोपी महिला के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## कोडार में समाधान शिविर आज

**महासमुंद।** जिले में सुशासन तिहार का तीसरा और अंतिम चरण 30 मई तक चलेगा, जिसके अंतर्गत जिले में कुल 49 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। 5 मई से अब तक जिले में 12 समाधान शिविर का आयोजन किया गया है। आगामी समाधान शिविर 12 मई को महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम कोडार ग्राम पंचायत कौंवाझर में आयोजित किया जाएगा। इसी तरह 13 मई को 4 स्थानों पर शिविर आयोजित है। जिसमें पिथौरा विकासखंड अंतर्गत पिरदा हाईस्कूल भवन में, बसना अंतर्गत ग्राम बरोली पूर्व माध्यमिक शाला में, बागबाहरा अंतर्गत ग्राम पंचायत सिर्रीपठारीमुडा में तथा सरायपाली विकासखंड अंतर्गत हाई स्कूल सिंघोड़ा में समाधान शिविर का आयोजन होगा।




## एक ही भूमि दो बार बेचने का मामला, पिथौरा थाने में एफआईआर दर्ज

**पिथौरा (ग्रामीण)।** एक ही भूमि को दो बार विक्रय कर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी प्रतीक टेम्भुरकर के आदेश पर पिथौरा थाना पुलिस ने आरोपी विद्याधर पटेल के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। मिली जानकारी अनुसार फरियादी संजय गिरी ने अधिवक्ता शिवाकांत उपाध्याय के माध्यम से धारा 156(3) सीआरपीसी के अंतर्गत अदालत में आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन में उल्लेख किया गया कि फरियादी ने 11 जुलाई 2011 को ग्राम ठाकुरदिया कला स्थित खसरा नंबर 606, 607/1, 607/2 और 608 की कुल 1.34 हेक्टेयर भूमि को विद्याधर पटेल से 3 लाख 50 हजार रुपए में पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से खरीदा था। वर्ष 2022 में जानकारी मिली कि आरोपी ने उसी भूमि को बाद में उमादेवी पटेल नामक महिला को पुनः विक्रय कर दिया है। यह विक्रय भी पंजीकृत था और दस्तावेजों के आधार पर आरोपी ने लाभ प्राप्त किया, जिससे मूल खरीदार को न केवल भूमि से वंचित होना पड़ा, बल्कि आर्थिक क्षति भी हुई। फरियादी द्वारा थाना पिथौरा और पुलिस अधीक्षक महासमुंद को कई बार आवेदन देने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई, जिसके चलते न्यायालय की शरण ली गई। अदालत ने प्रस्तुत दस्तावेजों और तर्कों के आधार पर प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध मानते हुए एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। थाना प्रभारी उमेश कुमार वर्मा ने बताया कि इस प्रकरण में आरोपी विद्याधर पटेल के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

# हितग्राही को धोखे में रख निकाल ली अनुदान राशि, न्याय की गुहार

**जांच में गड़बड़ी उजागर लेकिन, कार्रवाई अब तक नहीं**

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

हितग्राही को धोखे में रखकर फर्जी तरीके से अनुदान राशि निकालने के संबंध में जनपद, जिला पंचायत और लोगपाल द्वारा भी दो-दो बार हुई जांच में गड़बड़ी उजागर होने के बाद भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। मामले में हितग्राही शत्रुहन लाल पिता अभेराम साहू वर्तमान निवासी ग्राम बिरकोनी एवं पूर्व निवासरत ग्राम बंजारी ग्राम पंचायत लोहारडीह ने बताया कि पीएम आवास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2017-18 में सूची में पात्र पाए जाने पर शासन द्वारा आवास आबंटित किया गया, जो आज तक नही मिला। साहू ने बताया कि आवास की जानकारी शासन के द्वारा नहीं दी गई एवं बार-बार पूछने पर भी नहीं बताने पर कमाने खाने बाहर चला गया। इस दौरान मेरे नाम से आए आवास एवं अनुदान राशि को शासन-प्रशासन एवं जमीनी कर्मचारियों द्वारा फर्जी तरीके से आहरण कर उन्हें योजना से वंचित कर दिया गया। साहू ने बताया कि आवास के लिए उन्होनें सचिव, सरपंच, रोजगार सहायक के पास आवेदन दिया। लेकिन, अभी तक मुझे इसकी जानकारी नही दी गई। कार्यवाही नहीं होने पर सीईओ जनपद के बाद कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन लगाने पर मुझे इस बात की जानकारी हुई कि उनके नाम से 2017-18 में आवास मिल चुका है जिसकी अनुदान राशि को किसी अन्य के द्वारा निकाल ली गई है।



कलेक्टर जनदर्शन में चार माह पूर्व दो-तीन बार एवं जनपद पंचायत, जिला पंचायत महासमुंद, लोकपाल तथा पीएमओ को भी आवेदन दिया। जिसकी जाँच तीन माह पहले जिला व जनपद पंचायत महासमुंद के द्वारा कर ली गई है। सभी पक्षों का बयान ग्राम पंचायत लोहारडीह में सरपंच, सचिव, पंच, एवं गाँव के गणमान्य नागरिक की उपस्थिति में लिया जा चुका है। सभी के समक्ष गड़बड़ी पाई गई लेकिन, अभी तक कार्रवाई की स्थिति अस्पष्ट व अपूर्ण है। पीड़ित ने इस फर्जीवाड़े से जुड़े लोगों के खिलाफ उचित व ठोस कार्रवाई कर परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है।

## खबर संक्षेप




### पाटसेंद्री स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा

**सरायपाली।** फुलझर सेवा समिति सरायपाली द्वारा संचालित कृषक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटसेंद्री में छत्तीसगढ़ मा शि मंडल की कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के मुख्य परीक्षा 2025 का परीक्षा परिणाम जारी हुआ। दोनों ही कक्षा में सभी परीक्षार्थी सफल हुए।दसवीं में प्रथम कुमारी तेजकुमारी नायक 93.16 प्रतिशत, द्वितीय कोमल साहू 89 प्रतिशत, तृतीय अमितेश प्रधान 88.88 प्रतिशत। 34 दर्ज में 31 प्रथम श्रेणी, 3 द्वितीय श्रेणी प्राप्त किया। बारहवीं में कला में प्रथम खिलेश्वरी दास 85.8 प्रतिशत, द्वितीय नवीना दास 80.6 प्रतिशत, तृतीया मानसी विशाल 77.6 प्रतिशत, इसी प्रकार विज्ञान में प्रथम वैष्णवी साहू 82.4 प्रतिशत, द्वितीय चांदनी साहू 81.8 प्रतिशत, तृतीय लिशा डडसेना ने स्कूल में स्थान प्राप्त किया। बारहवीं कला और विज्ञान में 61 परीक्षार्थी में 34 प्रथम श्रेणी, 26 ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त किया। इस प्रकार परिणाम से गदगद विद्यालय के प्राचार्य शाखीराम पटेल ने कहा कि पालक, बालक और शिक्षकों के प्रयास से यह परिणाम संभव हो पाया। फुलझर सेवा समिति के मंत्री विद्याभूषण सतपथी, शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने प्रसन्नता जाहिर की।

### डेढ़ साल में 21 सौ से ज्यादा पदों पर संविदा नियुक्ति

**रायपुर।** स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए विभाग मानव संसाधन की कमियों को दूर करने का लगातार प्रयास कर रहा है। इसी दौर में जनवरी 2024 से अप्रैल 2025 यानी लगभग डेढ़ साल में 21 सौ से ज्यादा पदों पर संविदा नियुक्ति दी गई है। इसमें 88 विशेषज्ञ चिकित्सक, 432 चिकित्सा अधिकारी, 344 स्टाफ नर्स, 87 एएनएम, 75 लैब टेक्नीशियन, 279 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और 878 अन्य पदों पर भर्ती की गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि सरकार की प्राथमिकता प्रत्येक नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है। वर्तमान में 160 राज्य स्तरीय और 1953 जिला स्तरीय रिक्त संविदा पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है।

### मासूमों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

**रायपुर।** तालु कटे होने की समस्या से जूझ रहे तीन बच्चों की मुस्कान देखते ही बन रही थी जब उनका ऑपरेशन सफल हुआ। स्वास्थ्य योजना चिरायु से मानो तीन मासूमों को एक नया जीवन मिल गया। आरंग हेल्थ टीम-सी द्वारा आयोजित शिविर में डेढ़ वर्षीय दक्षिका यादव, आठ वर्षीय प्रतिभा निर्मलकर और 6 वर्षीय दुर्गा भट्ट की तालु कटे होने की समस्या पाई गई थी। तीनों बच्चों का चिरायु योजना के अंतर्गत निशुल्क ऑपरेशन किया गया, जिससे उनके चेहरे पर नई मुस्कान आई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आंगनबाड़ी बैहार, प्राथमिक शाला गिधवा और प्राथमिक शाला भिलाई में आयोजित शिविर में इन बच्चों की जांच की गई थी। शुरुआत में उनके परिजन महंगे इलाज और ऑपरेशन को लेकर काफी चिंतित थे। तब


## विडंबना: पीड़िता दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर, शिकायत के बाद कार्रवाई नहीं

# शिक्षिका पर 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने मकान हड़पने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिथौरा (ग्रामीण)

तहसील के ग्राम पंचायत लहरौद निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग विधवा महिला प्रतिभा मसीह ने खैरटकला में पदस्थ शासकीय शिक्षिका गंगादेवी ध्रुव पर धोखाधड़ी कर मकान हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने इसकी शिकायत कलेक्टर, एसडीएम पिथौरा और थाना प्रभारी से की है।

प्रतिभा मसीह ने बताया कि उन्होंने 16 जनवरी 2017 को रामसिंग पिता स्व. इंदर सिंह गोंड से आबादी भूमि खरीदकर अपना घर बनाया था। वर्ष 2019 में कमर की बीमारी और घरेलू खर्चों के चलते उन्होंने गांव की ही शासकीय शिक्षिका गंगादेवी ध्रुव से 73 हजार रुपए उधार लिए और 6 महीने के भीतर लौटाने की शर्त पर अपना मकान गिरवी रखा। पीड़िता ने बताया कि तय समय के भीतर जब वह रकम लौटाने गई, तो गंगादेवी ने पैसे लेने से मना कर दिया और उल्टे मकान की मालकिन खुद को बताकर



सभी दस्तावेज ले गई। इसके बाद प्रतिभा मसीह को उसी के मकान से निकाल दिया गया। अब बुजुर्ग महिला मानसिक रूप से कमजोर बेटी आराधना मसीह और नाती अनमोल मसीह के साथ किराए के कच्चे मकान में टिन शेड के नीचे रहकर जैसे-तैसे जीवन बिता रही हैं। उनका कोई स्थायी आय का स्रोत नहीं है, और बीमारी के कारण उनकी स्थिति और भी खराब हो गई है। प्रतिभा ने आरोप लगाया कि कई बार गंगादेवी से निवेदन करने के बाद भी उसने न केवल मकान लौटाने से इनकार किया, बल्कि झूठे केस में फंसा देने की धमकी दी। पीड़िता का कहना है कि उसने कभी मकान बेचा नहीं था, सिर्फ उधार के लिए गिरवी रखा था।

मिली जानकारी अनुसार शिक्षिका गंगादेवी ध्रुव पूर्व में अवैध शराब बिक्री के मामले में जेल भी जा चुकी है। इसके अलावा वह लहरौद के नयापाराखुर्द में शासकीय जंगल भूमि खसरा नंबर 86/1, रकबा 3.190 हेक्टेयर पर अवैध कब्जा कर मकान निर्माण करवा रही थी, जिस पर पिथौरा तहसील न्यायालय ने स्थगन आदेश जारी कर निर्माण पर रोक लगाई है।

प्रतिभा मसीह ने बताया कि वह अब तक कई बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगा चुकी हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने प्रशासन से गुहार लगाई है कि उन्हें न्याय दिलाया जाए और उनका मकान वापस दिलाया जाए। ताकि, वे अपने परिवार के साथ सम्मानजनक जीवन जी सकें। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पिथौरा ओंकारेश्वर सिंह का कहना है कि आवक जावक में आवेदन प्रस्तुत किये होंगे, जानकारी लेकर जांच करवाता हूँ।

# एडीईओ परीक्षा के लिए हुआ पहला टेस्ट



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ) परीक्षा 2025 को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा विनय कुमार लंगेह कलेक्टर महासमुंद के मार्गदर्शन में संचालित नवकिरण अकादमी में छत्तीसगढ़ सहायक विकास विस्तार अधिकारी परीक्षा के लिए 04 टेस्ट सीरीज के क्रम में पहला टेस्ट का आयोजन किया गया। जारी विज्ञप्ति में डी.बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि 04 टेस्ट सीरीज के क्रम में आज पहला टेस्ट पेपर एडीईओ संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट - 01 हुआ। जिसमें कुल 100 नंबर का पेपर हुआ। इसमें भारत का सामान्य अध्ययन, छत्तीसगढ़ का सामान्य अध्ययन, आजीविका संबंधित योजनाओं की जानकारी, पंचायती राज की जानकारी, ग्रामीण विकास की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी, सामान्य हिंदी आदि के 100 प्रश्न पूछे गए थे। पहला टेस्ट पेपर में नवकिरण कोचिंग और ग्रंथालय में अध्ययनरत 78 परीक्षार्थियों और अन्य एडीईओ परीक्षा की तैयारी करने वाले 57 परीक्षार्थियों, कुल 135 परीक्षार्थियों ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। 04 टेस्ट सीरीज के क्रम में दूसरा टेस्ट का आयोजन 18-05-2025 दिन-रविवार को एडीईओ संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट - 02 टेस्ट पेपर आयोजित होगा। डी. बसंत साव ने आगे बताया कि आगे आयोजित होने वाले टेस्ट में तैयारी करने वाले और छत्तीसगढ़ सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ) परीक्षा में शामिल होने वाले इच्छुक परीक्षार्थी जानकारी प्राप्त करने और पंजीयन कराने कार्यालय नवकिरण अकादमी महासमुंद में आकर संपर्क कर सकते हैं।

## नपाध्यक्ष ने किया उपमुख्यमंत्री का स्वागत...



महासमुंद। उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय प्रशासन मंत्री अरुण साव के बागबाहरा प्रवास के दौरान नगर पालिका कार्यालय के समक्ष पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने सीएमओ, सभापतिगणों व पार्षदों के साथ उनका स्वागत किया। उन्होंने मंत्री से नगर विकास से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की तथा नगर विकास के लिए सहयोग की बात कही। नपाध्यक्ष साहू ने उनसे पालिका क्षेत्र अंतर्गत प्रस्तावित कार्यों तथा शहर के विकास के संभावनाओं से उन्हें अवगत कराया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सभापति जय देवांगन, सभापति गुलशन साहू, सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, सभापति जितेंद्र ध्रुव, पार्षद नीरज चंद्राकर, पार्षद भाऊराम साहू, पार्षद ओमीन कागजी, हाफिज कुरैशी, सीएमओ अशोक सलामे, पालिका के विभाग प्रभारीगण, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने दो जगहों पर सार्वजनिक प्याऊ केंद्र का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

जन आकांक्षाओं के अनुरूप आमजन की प्यास बुझाने एवं जन-जन को सेवा के लिए प्रेरित करने सामूहिक रुप से सेवा भावना के साथ स्काउट्स एवं गाइड्स के स्थानीय संघ द्वारा शहर के दो स्थानों बीईओ कार्यालय के सामने एवं ग्रामीण स्तर पर ग्राम चट्टीगिरोला में हनुमान मंदिर के सामने सार्वजनिक प्याऊ केंद्र का किया शुभारंभ किया गया।

ज्ञात हो कि एकसाथ राज्य के सभी जिलों/विखं मुख्यालय में भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए



आत्मीयता के साथ राहगीरों की प्यास बुझाने स्थानीय रोवर - रेंजर, वरिष्ठ स्काउट- गाइड, स्काउटर- गाइडर, फ्लॉक लीडर एवं स्थानीय संघ पदाधिकारियों, विभिन्न सेवादाताओं के स्वप्रेरित होकर किए गए सहयोग से सार्वजनिक निःशुल्क प्याऊ केंद्र प्रारंभ किया गया और निरंतर एक माह प्याऊ केंद्र संचालित करते हुए राहगीरों, आम नागरिकों को भीषण गर्मी में मीठा शरबत एवं नींबू पानी पिलाकर सेवा का संदेश देते हुए इसका समापन किया गया।

मुख्य अतिथि अध्यक्ष स्थानीय संघ ओमप्रकाश चौधरी ने कहा कि सेवाभावी उत्साही स्काउट गाइड लीडर संघ के पदाधिकारियों द्वारा स्वप्रेरित होकर भीषण गर्मी से सूखे कंठों को राहत देने के लिए शीतल जल उपलब्ध कराने में अपना जो अनूठा योगदान दिया वह सराहनीय है। यह सेवा कार्य जन-जन के लिए प्रेरणादाई है।

# युक्तियुक्तकरण की विसंगति और लंबित पदोन्नति को लेकर डीपीआई ऋतुराज रघुवंशी से मिला टीचर्स एसोसिएशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सचिव स्कूल शिक्षा विभाग व डीपीआई ऋतुराज रघुवंशी, सहायक संचालक आशुतोष चावरे, सहायक संचालक अशोक नारायण बंजारा को ज्ञापन सौंपकर क्रमोन्नत वेतनमान देने का जनरल आदेश जारी करने एवं युक्तियुक्तकरण नियम में संशोधन करने की मांग की है। रायपुर संभाग में मिडिल प्रधान पाठक व व्याख्याता के रिक्त पदों पर पदोन्नति करने की चर्चा की गई। डीपीआई ऋतुराज रघुवंशी का अभिनंदन भी किया गया, चर्चा में उन्होंने सभी मांग पर सूक्ष्मतापूर्वक अवलोकन पश्चात विभागीय निर्णय लिए जाने की बात कही।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन द्वारा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय डबल बैंच के निर्णय तथा सामान्य प्रशासन विभाग छग शासन के आदेश व



सामान्य प्रशासन विभाग छग शासन के आदेश था। छत्तीसगढ़ शासन वित्त एवं योजना विभाग के आदेश को संलग्न कर ज्ञापन सौंपा है। जिसमें मांग किया गया है कि सोना साहू के पक्ष में हुए उच्च न्यायालय के डबल बैंच के प्रकरण के तहत क्रमोन्नत वेतनमान दिए जाने का निर्णय किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 24 अप्रैल 2006 व 10 मार्च 2017 को क्रमोन्नत वेतनमान के लिए 10 वर्ष में प्रथम व 20 वर्ष में द्वितीय क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ प्रदान करने का जारी आदेश के तहत प्रदेश में कार्यरत सभी एलबी संवर्ग के लिए आदेश जारी किया जावे।

ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी, जिल्स सचिव नंद कुमार साहू, खिलावन वर्मा, पवन साहू जिला महासमुंद से सम्मिलित हुए। उक्ताशय की जानकारी जिला सचिव नंदकुमार साहू एवं जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा ने दी।

## गंगरेल डेम से रोज खप रहा 250 क्यूसेक रॉ वाटर, गर्मी बढ़ने पर 300 क्यूसेक पहुंच सकती है डिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगर निगम का जल विभाग शहरवासियों की प्यास बुझाने गंगरेल डेम से रोज 250 क्यूसेक रॉ वाटर खरीद रहा है। गर्मी तेज होने पर यह मात्रा बढ़कर 300 क्यूसेक तक पहुंच सकती है। शहर की पेयजल जरूरत को पूरा करने गंगरेल डेम में 3.15 टीएमसी पानी सुरक्षित रखा गया है। यह मात्रा शहरवासियों के सालभर की पेयजल आवश्यकता हिसाब से आंकी गई है। खास बात ये है, जल विभाग ने सिंचाई विभाग से वर्ष 2030 तक का एग्रीमेंट कर रखा है।

वर्तमान में रायपुर शहर की पेयजल जरूरत को ध्यान में रखते हुए 250 क्यूसेक रॉ वाटर गंगरेल डेम से छोड़ा जा रहा है। माना नहर से होते हुए यह पानी फिल्टर प्लांट के हटौद और कोंडापार बैराज से होते हुए खारून नदी तक पहुंच रहा है। इस पूरी प्रक्रिया में इस समय रॉ वाटर का 350 एमएलडी लॉसेस में जा रहा है। वैसे शहर की पेयजल जरूरत हिसाब से 175 एमएलडी रॉ वाटर पर्याप्त होता है। पर नहर से पानी आने और वाष्पीकरण की दर ज्यादा होने से यह स्थिति बनी हुई है।

# जिला अस्पताल में मनाया गया विश्व रेडक्रास दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

विश्व रेडक्रॉस दिवस पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ राज्य शाखा रायपुर के निर्देश एवं कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष विनय कुमार लंगेह (आईएएस), उपाध्यक्ष भूपेंद्र राठौर तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सचिव, इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला महासमुंद, डॉ. पी कुदेशिया के मार्गदर्शन में, चेयरमेन संदीप दीवान, वाइस चेयरमेन डॉ. आरके परदल, पारस चोपड़ा (कोषाध्यक्ष) एवं जिला संगठक डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी के नेतृत्व में 08 मई 2025 को महासमुंद जिले में विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत मेडिकल कॉलेज संलग्न जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें इंडियन कॉलेज रेडक्रॉस के कौन्सलर मानक लाल बारले, अभिषेक पांडेय (सदस्य), आकाश पांडेय (सदस्य), तेजलाल देवांगन कार्यालय सहायक एवं यूथ रेडक्रॉस वालेंटियर्स सहित रेडक्रॉस के अन्य पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस अवसर पर प्रबंध समिति एवं पदाधिकारीगण दाऊलाल चंद्राकर, राजेश्वर खरे, प्रेम नारायण चंद्राकर,एवं एच.आर. बघेल ने भी रक्तदान कार्यक्रम में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी (जिला संगठक एवं राज्य प्रबंध समिति सदस्य), डॉ.दिलजीत गुरदत्ता, ब्लड बैंक प्रभारी, खिलेश्वर् चंद्राकर मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट, सुनील साहू ब्लड सेंटर कौंसलर, एमएल चक्रधारी, भुनेश्वर साहू लैब सहायक, कार्यालय सहायक सागर सिंह ठाकुर, कुंदन थानेकर, कौन्सलर हेमलता मलिकार, अनिकेत गोस्वामी, विकासखंड सचिव किरण पटेल, देव कुमार सूर्यवंशी, कुसुम साहू स्टाफ नर्स, तिलोका ठाकुर, पीसी बिशाल,द्वारिका प्रसाद सिन्हा तथा अन्य सदस्यगण एवं यूथ रेडक्रॉस वालंटियर्स भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। विदित हो कि इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की स्थापना 1918-1920 के दौरान स्पेनिश फ्लू महामारी के समय हुई थी तथा 1920 में इसे विधिवत संवैधानिक मान्यता प्राप्त हुई थी। इस अवसर पर रेडक्रॉस के जन्मदाता सर हेनरी ड्यूनांट को भी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिले में रेडक्रॉस सोसायटी के गठन को 26 वर्ष पूर्ण होने के इस अवसर पर जिला संगठन द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा की गई।

### राज्य में अब तक 40 लाख 95 हजार आवेदन, निराकरण करने में लगा प्रशासन

# सुशासन तिहार : आवेदनों के निराकरण में धमतरी सबसे आगे, पीएम आवास पर अधिक अर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में आम जनता की शिकायतों एवं मांगों के त्वरित समाधान के लिए 'सुशासन तिहार' का आयोजन जारी है। तीसरे चरण में प्रदेशभर के गांवों और कस्बों में शासन-प्रशासन पूरी तत्परता और तन्मयता के साथ आमजन की बातें सुन रहा है और उनका समाधान कर रहा है। मुख्यमंत्री स्वयं इस अभियान की निगरानी कर रहे हैं। वे गांवों के आकस्मिक दौरे कर रहे हैं। शासकीय योजनाओं की जमीनी हकीकत का मूल्यांकन कर रहे हैं। जनता से सीधा संवाद कर रहे हैं और समाधान शिविरों में पहुंचकर लोगों की समस्याओं को सुनकर उसका मौके पर निराकरण करवा रहे हैं।

सुशासन तिहार के तहत अब तक 40 लाख 95 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से अधिकतर का निराकरण कर लिया गया है। इसमें

सुशासन तिहार 2025

**प्रशासन को जनता के निकट लाने में सफल**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की यह पहल छत्तीसगढ़ राज्य को, जनभागीदारी पर आधारित सुशासन की दिशा में आगे बढ़ा रही है। गांवों में शिविरों में पहुंचकर आम लोगों से संवाद करना, शिकायतों की तत्काल सुनवाई करना और शासकीय तंत्र को अधिक उत्तरदायी बनाना, यही सुशासन तिहार की मूल भावना है। 'सुशासन तिहार' छत्तीसगढ़ शासन की एक अभिनव पहल है, जिसने प्रशासन को जनता के और निकट लाकर विश्वास, समाधान और सेवा की एक मजबूत परंपरा को जन्म दिया है।

धमतरी जिला ने लगभग 2 लाख 28 हजार आवेदनों में से 99.38 प्रतिशत का निराकरण कर राज्य में प्रथम स्थान पर है। प्रदेश के 14 जिले धमतरी, महासमुंद, सक्ति, बालोद, रायगढ़, सारंगढ़-बिलाईगढ़, मुंगेली, रायपुर, सरगुजा, दंतेवाडा, दुर्ग, जांजगीर-चाम्पा, नारायणपुर, बीजापुर ने 90 प्रतिशत से अधिक आवेदनों का निराकरण कर लिया है। जबकि गरियाबंद, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, बिलासपुर, राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, बलौदा बाज़ार-भाटापारा, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, कबीरधाम, बेमेतरा, जशपुर, कोरिया, कांकेर, सूरजपुर जिले ने 80 से 90 प्रतिशत आवेदनों का समाधान किया है। बस्तर जिले में 78.48 प्रतिशत, कोण्डागांव में 70.97 प्रतिशत, बलरामपुर-रामानुजगंज जिलें में 60.59 प्रतिशत, मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर ने 59 प्रतिशत, कोरबा जिले ने 41.61 प्रतिशत तथा सुकमा जिले ने 30 प्रतिशत से अधिक आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है।

### रायपुर को मिले सर्वाधिक आवेदन

रायपुर जिले को 3 लाख 764 आवेदन प्राप्त हुए, जो राज्य में सर्वाधिक है, इसके बाद दूसरे क्रम पर बलौदाबाजार-भाटापारा जिला है। धमतरी, बिलासपुर और बस्तर क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवे स्थान पर हैं। निराकरण के मामले में धमतरी पहले, महासमुंद दूसरे और सक्ति जिला तीसरे स्थान पर हैं. बालोद और रायगढ़ चौथे और पांचवें क्रम पर हैं।

**पीएम आवास योजना के 10 लाख आवेदन**

सुशासन तिहार के दौरान सर्वाधिक 10 लाख से अधिक आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित प्राप्त हुए, जिनमें से 94.70 प्रतिशत का निराकरण हो चुका है। उज्ज्वला योजना से जुड़े 1.47 लाख और राशन कार्ड हेतु 1.12 लाख आवेदनों में से अधिकांश का समाधान कर दिया गया है। शहरी क्षेत्रों में सड़क निर्माण, पेयजल व्यवस्था और स्वच्छता से संबंधित मांगें भी प्रमुख रहीं।

**महिला एवं बाल विकास विभाग निराकरण में आगे**

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को 25 लाख 77 हजार 747 आवेदन प्राप्त हुए. राजस्व विभाग को 3 लाख 74 हजार 429, खाद्य विभाग को 2 लाख 18 हजार 113, महिला एवं बाल विकास विभाग को 1 लाख 57 हजार और नगरीय प्रशासन विभाग को 1 लाख 42 हजार 475 आवेदन प्राप्त हुए. निराकरण में महिला एवं बाल विकास विभाग प्रथम, श्रम विभाग दूसरे, तथा उद्योग, पशुपालन और खाद्य विभाग क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर हैं।

### कांग्रेस की जयहिंद मशाल रैली, शहीदों-दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने राजधानी रायपुर में कांग्रेसियों एवं शहरवासियों समेत हजारों की संख्या में 'जयहिंद मशाल रैली' निकालकर सभी भारतीय नागरिकों की एकजुटता का संकेत दिया। मशाल रैली निकलने से पूर्व उपस्थित कांग्रेसजन एवं आमजनों द्वारा सर्वप्रथम पहलगाम में 28 दिवंगत के साथ 10 दिवंगत हुए जवान एवं भारतीय को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर श्री उपाध्याय ने कहा, हम अपनी सेना और सशस्त्र बलों के साथ मजबूती से खड़े हैं।

## खबर संक्षेप



### वार्ड 28 में सीसी रोड का किया भूमिपूजन

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने वार्ड क्रमांक 28 में कलेक्टर निवास मुख्य मार्ग से यामिनी घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। वार्डवासियों द्वारा सीसी रोड की लंबे समय से मांग किया जा रहा था। नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि शहर वासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथमिकता है। सड़क बनने से यहां होने वाले जल भराव की समस्या से लोगों को निजात मिलेगी। शहर विकास का संकल्प लेकर हमारे द्वारा कार्य किया जा रहा है। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान नपाध्यक्ष साहू के साथ पार्षद विजय साव, सभापति जय देवांगन, गुलशन साहू, पार्षद धनेंद्र चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, रिंकू चंद्राकर एवं विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### सेवा कार्य के लिए सलूजा का किया गया सम्मान

**सरायपाली।** क्षेत्र में विगत कई वर्षों से नसों से संबंधित मामले में निःशुल्क सेवा करने वाले स्थानीय सिख समाज के वरिष्ठ सदस्य सरदार मंगत सिंह सलूजा का सिख समाज व अग्रवाल समाज सरायपाली द्वारा सम्मान किया गया। ज्ञात हो कि सलूजा सरायपाली अंचल में नसों के विशेषज्ञ माने जाते हैं और लगभग 50 वर्षों से वे क्षेत्रवासियों की निःशुल्क सेवा कर रहे हैं। उन्हें सम्मानित करते हुए अग्रवाल समाज से मनोज अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, कमल किशोर अग्रवाल, पवन अग्रवाल, विकास अग्रवाल एवं सिख समाज से गुरुसिंग सभा अध्यक्ष रणजीत सिंह आहूजा, बंटी आहूजा, छाबड़ा, महिला सिख कमेटी चरणजीत कौर, अमरजीत कौर सहित बड़ी सख्या में महिलाएँ उपस्थित रहीं।

### सीएम का किया स्वागत

**महासमुंद।** सुशासन तिहार में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का मुख्यालय पहुंचने पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर और भाजपा के पदाधिकारीणों ने हेलीपेड पर स्वागत किया।

## कार्यक्रम : स्पीकर ने किया कोसल के क्रांतिवीर का विमोचन

# विस अध्यक्ष डॉ रमन ने बोले: नही हो सकति शिवाजी की तुलना औरंगजेब से

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने 10 मई को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में छत्तीसगढ़ और पश्चिम ओड़िशा के क्रांतिकारियों के योगदान पर केंद्रित पुस्तक कोसल के क्रांतिवीर का विमोचन किया। समारोह की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ इतिहासकार और पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. लक्ष्मीशंकर निगम ने की, महासमुंद की लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी और विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा विशेष अतिथि के रूप में समारोह में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह ने अपने संबोधन में पुस्तक प्रकाशन के लिए इसके लेखक महासमुंद क्षेत्र के पूर्व लोकसभा सांसद चुन्नीलाल साहू को बधाई दी। उल्लेखनीय है कि आजादी के बहुत पहले छत्तीसगढ़ और पश्चिम ओडिशा को कोसल प्रदेश के नाम से भी जाना जाता था। डॉ. सिंह ने पुस्तक कोसल के क्रांतिवीर को इतिहास की दृष्टि से बहुत तथ्यात्मक और महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह छत्तीसगढ़ और पश्चिम ओडिशा के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगी। उन्होंने कहा कि इतिहास की किताबों में अनेक ऐतिहासिक तथ्यों को या तो छोड़ दिया गया है या इतिहास को तोड़ मरोड़ कर प्रस्तुत किया गया है। यही कारण है कि इतिहास की पुस्तकों में आज भी अकबर महान है। वास्तविकता तो यह है कि महाराणा प्रताप की तुलना न अकबर से हो सकती है और न ही छत्रपति शिवाजी की तुलना औरंगजेब से। डॉ. सिंह ने कहा कि एक अच्छे सांसद और अच्छे विधायक रहे साहू अब एक अच्छे लेखक भी साबित हुए हैं।



समारोह की अध्यक्षता करते हुए इतिहासकार डॉ. लक्ष्मी शंकर निगम ने इस पुस्तक के संदर्भ में अनेक ऐतिहासिक घटनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज दस मई का दिन ऐतिहासिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि 1857 में इसी दिन मेरठ से भारत का पहला स्वतंत्रता संग्राम शुरु हुआ था। उन्होंने 1857 के युग में छत्तीसगढ़ और पश्चिम ओडिशा की जमीदारियों के बीच की कड़ियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार वीर सुरेंद्र साय और वीर नारायण सिंह के बीच सैन्य सहयोग था और नारायण सिंह के पुत्र गोविंद सिंह ने सुरेंद्र साय के सहयोग से ही महाराज साय का वध कर नारायण सिंह के बलिदान का बदला लिया था। अपने संबोधन में उन्होंने सीमावर्ती जमीदारियों के योगदान की भी चर्चा की।

लेखक चुन्नीलाल साहू ने स्वागत भाषण दिया। साहू ने भी कहा कि इस पुस्तक के विमोचन के लिए आज दस मई का दिन इसलिए चुना गया कि यही वह ऐतिहासिक तारीख है, जब 1857 में भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की मेरठ से शुरुआत हुई थी और गोविंद सिंह ने महाराज साय का वध भी 10 मई को ही किया था। साहू ने स्वतंत्रता संग्राम में छत्तीसगढ़ और पश्चिम ओडिशा से संबंधित अनेक भूले-बिसरे प्रसंगों को याद किया। महासमुंद की सांसद रूपकुमारी चौधरी और विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। श्रीमती चौधरी ने कहा कि यह पुस्तक एक महत्वपूर्ण धरोहर है। इस अवसर पर डॉ. रमन सिंह ने घेस (ओडिशा) के शहीद माधो सिंह की छठवीं पीढ़ी के लोकेश्वर सिंह का स्वागत किया। घेस से आए अशोक पुजाहारी ने भी समारोह को सम्बोधित किया।

**यह भी रहे मौजूद :** आयोजन में पूर्व मंत्री चंद्र शेखर साहू, इतिहासकार डॉ. रमेन्द्र नाथ मिश्र, पुरातत्व विद राहुल कुमार सिंह, छत्तीसगढ़ साहित्य परिषद के अध्यक्ष शशांक शर्मा और वरिष्ठ लेखक आशीष सिंह सहित सर्वश्री अशोक तिवारी, घनाराम साहू, नारायण प्रसाद नैरोजी, सेनि आईएएस शिशुपाल सोरी, पूर्व आईपीएस भारत सिंह, यसवेंद्र सिंह राजमहल छुरा, रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, शिव नेताम धमतरी जिला कोषाध्यक्ष आदिवासी समाज, बेदराम बरिहा प्रांताध्यक्ष बिंझवार समाज, कल्याण सिंह बरीहा रिटायर सेलटैक्स कमिश्नर, एनपी नैरोजी प्रांताध्यक्ष सांवरा समाज, इतिहासकार डॉ. शंपा चौबे, डॉ. शकुंतला तरार, लालिमा ठाकुर जिला पंचायत उपाध्यक्ष गरियाबंद और अन्य अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

### वृंदावन में हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

**महासमुंद।** स्थानीय वृंदावन विद्यालय में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा सत्र 2024-25 का परीक्षा परीणाम उत्कृष्ट रहा। परीक्षा परीणाम 100 प्रतिशत रहा। विद्यालय के कुल 12 छात्र-छात्राएं हाईस्कूल परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें सभी बच्चें उत्तीर्ण हैं। शाला स्तर पर प्रथम श्रेणी में 10 छात्र- छात्राओं व द्वितीय श्रेणी में 2 छात्र- छात्राओं ने उच्चतम अंक प्राप्त किये। इसमें प्रथम समीर साहू 85.67 द्वितीय स्वेच्छा वर्मा 85.34 तृतीय मयंक चंद्राकर 84.83 प्रतिशत रहा। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा पांचवी व आठवी का परीक्षा परीणाम भी 100 प्रतिशत रहा। कक्षा आठवी के कुल 25 छात्र- छात्राओं परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें प्रथम श्रेणी में 25 के 25 बच्चों ने बाजी मारी। कक्षा आठवी में प्रथम मान्यता साहू 92 द्वितीय प्रियंका साहू व पूर्वांश निषाद व ईशिका गुप्ता 91 तृतीय स्थान दीपांशु सिदार व हुलसी साहू ने 90 अंक प्राप्त किया व कक्षा पांचवी के कुल 29 छात्र-छात्राएं परीक्षा में भाग लिया व 29 बच्चों ने प्रथम श्रेणी में स्थान बनाया। पांचवी में प्रथम स्थान अंजलि चंद्राकर 95 द्वितीय राज बाघ व अमन कुमार पासवान 92 व तृतीय स्थान निशु साहू ने 91 प्राप्त किया। संस्था के चेयरमैन एम.आर. विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, उपप्राचार्य इंदु मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षिका आशा ज्योति डोरा, अमृता चंद्राकर, उर्मिला अग्निहोत्री आदि ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। छात्रों की इस सफलता के लिए उनके विषय शिक्षिका रेखा साहू, रिंकी कुर्रे, यशवंत घृतलहरे जागृति साहू, जाबिर खान, चंदना सोनी ने विशेष सहयोग दिया। इस अवसर पर संस्था के संध्या सोना, सुषमा साहू, वर्षा चंद्राकर, एम.रजनी, भूमिका वर्मा, मोनिषा बोकड़े, शुभ्रा अग्रवाल, नंदिनी साहू, अंशु यादव, नीरू मांझी, प्रवीन साहू, लक्ष्मी नारायण साहू, कमलेश नागवंशी का भी सहयोग रहा।

### सशिमं के छात्रों का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल- हायर सेकेंडरी की परीक्षा में स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 60.71 प्रतिशत रहा। जिसमें खुशी निषाद 90.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, इसी तरह लीना साहू ने 88.83 प्रतिशत द्वितीय स्थान, जिया वर्मा ने 88. 5 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त किया, सोनम देवांगन 86.66 प्रतिशत, वैष्णवी साहू 85.66 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा- बारहवीं का परीक्षा परिणाम विद्यालय में 71.79 प्रतिशत रहा। जिसमें डिगेंद्र साहू 86.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किए, इसी तरह कुणाल गिरी गोस्वामी ने 80 प्रतिशत द्वितीय, एवं जागृति देवांगन ने 79.8 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किए। इस उपलब्धि पर आदर्श शिक्षा मंडल समिति के संरक्षक मोहन चोपड़ा, अध्यक्ष राजेश लूनिया, उपाध्यक्ष संध्या शर्मा, सचिव घनश्याम सोनी, सह सचिव गोवर्धन प्रधान, कोषाध्यक्ष महेश मक्कड़, सदस्य डॉ. अनिल अग्रवाल, महेश चंद्राकर, भूपेंद्र राठौर, धर्मेंद्र महोबिया, डॉ. विमल चोपड़ा, द्वुवन चंद्राकर, भारती गुप्ता, मनीषा ढोंक, उत्तरा प्रहरे, दुर्गेश चंद्राकर, उमेश भारती गोस्वामी, प्राचार्य राजश्री ठाकुर, प्रधानाचार्य कृष्णा चंद्राकर, परीक्षा प्रभारी मनोज साहू, परीक्षा सहायक शिवकुमार कन्नौजे, आचार्या दुर्गेश नंदिनी चंद्राकर, तारिणी गोस्वामी, किरण सोनी, गुरुवारी सोनी, सरोजिनी साव, टिकेश्वरी चंद्राकर, आचार्य बलराम सेन, किरण साहू, हेमंत साहू, अश्वनी साहू, अजय कुमार तांडी, कुंज लाल पटेल, तुलसीराम पटेल, दिलीप टंडन, पवन निर्मलकर, ललित कुमार सिन्हा, अजीत राम साहू, तनूजा साहू, निशा गोस्वामी, मल्लिका चंद्राकर, तनूजा साहू, साक्षी घोड़ीचोरे, अर्चना साव एवं विद्यालय के समस्त समिति के सदस्यों एवं दीदी आचार्यो ने हर्ष जताया है।

## मोदी के नेतृत्व में सेना की निर्णायक कार्रवाई पहलगाम के शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नमो नमो मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय हटवार, राष्ट्रीय नियुक्ति प्रभारी लता आर. पटेल तथा नमो नमो मोर्चा के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष देवराज बघेल ने भारतीय सेना द्वारा की गई ऑपरेशन सिंदूर की सराहना करते हुए कहा है कि भारत पाकिस्तान के हर आतंकी गतिविधियों का मुंहतोड़ जवाब देगा। पदाधिकारियों ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर नाम उन महिलाओं के प्रति सम्मान जताना है जिन्होंने 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में अपने पतियों को खो दिया। "ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर हमला करना एक सशक्त जवाब है। भारत आतंकवाद को कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि आतंक के हर अपराधी पर कार्रवाई की जाए। नेताओं ने भारतीय सशस्त्र बल क शौर्य और पराक्रम नमन तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णय का स्वागत करते कहा कि सेना की निर्णायक कार्रवाई ने 140 करोड़ भारतीयों का मान बढ़ाया है। नेताओं ने मोदी सरकार के नेतृत्व में सेना की निर्णायक कार्रवाई को पहलगाम आतंकी हमले के शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि बताया।



## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समिति ने किया चंद्रहास का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं प्रभातफेरी समिति इमलीभाठा द्वारा कृषि एवं बीज विकास निगम अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) चंद्रहास चंद्राकर का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पूरे शहर में इमलीभाठा प्रभातफेरी एवं राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव समिति द्वारा अनवरत रामनाम का अलख जगाने एवं सनातनी परंपरा को आगे बढ़ाने के लिये चंद्राकर द्वारा प्रशंसा की गई। उन्होंने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद व स्नेह से मुझे बड़ी जिम्मेदारी छग सरकार द्वारा दी गई है। किसानों की तरक्की व खुशहाली के लिए हरसंभव प्रयास करते हुये ऐतिहासिक कार्य करने के लिये प्रतिबद्घ रहूंगा।



इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि चंद्रहास संघर्षशील व जुझारु व्यक्ति होने के साथ संघ में सदैव समर्पित रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने भी प्रभातफेरी समिति की तारिफ की। समिति के सांस्कृतिक प्रभारी टेकराम सेन ने कहा कि चंद्रहास चंद्राकर नेतृत्व क्षमता के धनी होने के साथ साथ अत्यंत सहज सरल एवं मधुर एवं मिलनसार व्यक्ति हैं । उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर हम समिति की ओर से उन्हें बधाई देते हैं। संचालन करते हुये टेकराम सेन चमक ने कहा कि इमलीभाठा प्रभातफेरी समिति निरंतरता बनाने में पूरे महासमुंद में सफल रही है। सम्मान समारोह के अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, नवनियुक्त पार्षद गण पप्पू सुनैना ठाकुर, जय देवांगन, माखन पटेल को भी सनम्मानित किया गया । इस दौरान समिति के वरिष्ठ सदस्य एवं लोक गायक लालाराम साहू एवं डीआर सोरी द्वारा सुमधुर भजन के माध्यम से चंद्रहास चंद्राकर को सम्मान दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान डीआर सोरी (अध्यक्ष), जीएस ठाकुर, लालाराम साहू, हनीश बग्गा, राहुल चंद्राकर, नीलमणी चंद्राकर, हीरा सिंह साहू, तीरथदास वैष्णव, सुदामा मिश्रा, विजय चंद्राकर, पूरन, नेमीचंद अग्रवाल, दाऊलाल अग्रवाल, गोवर्धन साहू, मानिक विश्वकर्मा सहित प्रभातफेरी समिति के सदस्य गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन टेकराम सेन व आभार प्रदर्शन हनीश बग्गा द्वारा किया गया। उक्त जानकारी विजय चंद्राकर द्वारा दी गई।

## युक्तियुक्तकरण हजारों शासकीय स्कूलों को बंद कर निजी स्कूलों को लाभ पहुंचाने का षड़यंत्र : विनोद



**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि युक्तियुक्तकरण के नाम पर प्रदेश के शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से बर्बाद कर निजी स्कूलों को लाभ पहुंचाने का षड़यंत्र भाजपा सरकार द्वारा रचा जा रहा है। यह तरीका छत्तीसगढ़ के शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद कर देगा और इससे हजारों स्कूल बंद हो जाएंगे। छत्तीसगढ़ के इतिहास में यह पहला मौका होगा जब प्रधान पाठक को अतिशेष बनाया जा रहा है। राजस्व ग्राम के शालाओं को कम दर्ज संख्या का हवाला देकर बंद किया जाना पूरी तरह से अन्याय है। क्योंकि, शिक्षा और स्वास्थ्य की प्राथमिक व्यवस्था प्रत्येक व्यक्ति और ग्राम के लिए किया जाना सरकार का प्राथमिक दायित्व है। इससे ना केवल शिक्षक अतिशेष होंगे, अपितु संबंधित ग्रामों के बच्चों को शिक्षा से वंचित होना पड़ेगा। अनेक बच्चे ऐसे हैं, जो अधिक दूरी के कारण स्कूल नहीं जा पाते। इस व्यवस्था के तहत स्कूल बंद होने से इन बच्चों की शिक्षा पर अधिक प्रभाव पड़ेगा। चंद्राकर ने कहा कि युक्तियुक्तकरण के नाम पर स्कूलों को मर्ज किए जाने से न केवल शिक्षक बल्कि उन स्कूलों से संलग्न हजारों की संख्या में रसोईया, स्वीपर और महिला स्व-सहायता समूह जो स्कूलों में मध्यान भोजन तैयार करते हैं उनके समक्ष भी आजीविका का संकट उत्पन्न हो जाएगा।

## आवासीय पट्टा के लिए सीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- वार्ड 22 के पार्षद चंद्रशेखर बेलदार ने लोगों की महत्वपूर्ण समस्याओं को बताया

सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का महासमुंद आगमन हुआ। इस अवसर पर वार्ड नंबर 22 के पार्षद चंद्रशेखर बेलदार ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने अपने वार्ड के निवासियों की महत्वपूर्ण समस्याओं को बताया।

पार्षद बेलदार ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि उनके वार्डवासियों को आवास पट्टा प्रदान किया जाए, जिससे वे अपने घरों का मालिकाना हक प्राप्त कर सकें। इसके अतिरिक्त जिन निवासियों ने नियमित रूप से टैक्स का भुगतान किया है, उन्हें भी आवास प्रदान पट्टा किया जाए, ताकि वे भी पीएम आवास योजना का लाभ पा सकें। पार्षद बेलदार ने आवास प्रक्रिया को सरल बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। ताकि, अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठा सकें। उन्होंने मुख्यमंत्री से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया कि आवास प्रक्रिया में पात्र निवासियों को समय पर आवास मिल सके। उन्होंने इन मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करें और समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की। इस दौरान कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल, सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, विमल चोपड़ा, पूनम चंद्राकर सहित अन्य नेतागण, पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन शुरू, अंतिम तिथि 31 जुलाई

**महासमुंद।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह पुरस्कार 5 से 18 वर्ष से कम आयु (31 जुलाई 2025 तक) के ऐसे बच्चों को दिया जाएगा जिन्होंने बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला-संस्कृति और विज्ञान-प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में असाधारण प्रदर्शन किया है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने जानकारी दी कि नामांकन https://awards.gov.in पोर्टल के माध्यम से केवल ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। पात्र बच्चों के लिए नामांकन की आयु सीमा 5 से 18 वर्ष तय की गई है। कोई भी व्यक्ति या संस्था ऐसे प्रतिभाशाली बच्चों को नामांकित कर सकती है। इच्छुक बच्चे स्वयं भी आवेदन कर सकते हैं। नामांकन के लिए पंजीकरण के दौरान आवेदकों को अपना नाम, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, ईमेल, आधार संख्या सहित अन्य जानकारी देनी होगी। इसके बाद प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 श्रेणी का चयन कर आवेदन भरना होगा। आवेदन पत्र में उपलब्धियों का 500 शब्दों का संक्षिप्त विवरण, आवश्यक दस्तावेज (पीडीएफ, अधिकतम 10 फाइलें) और हालिया फोटो (जेपीजी/पीएनजी) अपलोड करना अनिवार्य है। आवेदन ड्राफ्ट के रूप में सेव कर अंतिम तिथि से पहले संपादित कर जमा किया जा सकता है।

## राजपूत क्षत्रिय समाज ने मनाई वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती, कई कार्यक्रम हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राजपूत क्षत्रिय समाज महासमुंद द्वारा 9 मई को स्वाधीनता आंदोलन के महानायक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

इस अवसर पर सामाजिक भवन नयापारा में महाराणा प्रताप की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। समाज के संरक्षक व अधिवक्ता भरत सिंह ठाकुर ने महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डालते हुए महाराणा प्रताप के चेतक घोड़ा के साथ ही उनके हाथी रामप्रसाद के बारे में विस्तार से बताते हुए बताया है। उनका रामप्रसाद हाथी के स्वामी भक्ति के बारे में बताते हुए महाराणा प्रताप की देश भक्ति जिसमें उन्होंने पराधीन होना स्वीकार नहीं किया तथा देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी, उसी प्रकार रामप्रसाद हाथी ने अपने स्वामी भक्ति के साथ दुश्मनों के द्वारा बंदी बनाने पर उसने भी खाना पीना त्याग कर अपने प्राण त्याग दिया तथा महाराणा प्रताप के आदर्शो का अनुसरण करने की सलाह दी। समाज के अध्यक्ष उदय पाल सिंह भदौरिया ने कहा कि आज देश जिन परिस्थितियों से गुजर रहा उसमें हमारे आदर्श महाराणा प्रताप के विचारों को पूरे देश को अनुसरण करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर समाज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें लावन्या राजपूत, बबली ठाकुर, रिया ठाकुर द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। साथ ही बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन महिला इकाई के अध्यक्ष राजश्री ठाकुर एवं आभार प्रदर्शन समाज के वरिष्ठ संपत सिंह गौतम ने किया।



इस अवसर पर विजय सिंह वर्मा, गुमान सिंह ठाकुर, मनोहर सिंह ठाकुर, कल्याण सिंह ठाकुर, उत्तरा ठाकुर, माहेश्वरी ठाकुर, उपमा ठाकुर, श्याम कुमारी राजपूत, महक राजपूत, मेघा ठाकुर, प्रिया ठाकुर, आकांक्षा ठाकुर, तानिया ठाकुर, परी ठाकुर, दिब्यांशी ठाकुर, टीया ठाकुर, कांति ठाकुर सहित भारी संख्या में समाज के सदस्यगण उपस्थित थे

### मुख्यमंत्री ने गंभीर बीमारी से पीड़ित को दो लाख की दी स्वीकृति

**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ शासन में राज्य महिला आयोग के सदस्य व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया के अनुशंसा पर आर्थिक सहायता के रूप में 2 लाख रुपए की स्वीकृति दी है। ज्ञात हो कि विगत कई दिनों से तोरेसिंहा निवासी सुधीर बेहरा गंभीर बीमारी से ग्रसित थे, पारिवारिक परिस्थितियों के कारण इलाज कराने में असंभव थे। पीड़ित के पत्नी ने स्थानीय भाजपा पदाधिकारियों से पति के इलाज हेतु शासन से सहायता दिलाने निवेदन की थी। भाजपा के पदाधिकारी राजकुमार पटेल, सुरेश कर, आकाश प्रधान द्वारा उनके परिवार वालों को साथ लेकर छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग छत्तीसगढ़ शासन के सदस्य व भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया से भेंटकर इलाज हेतु आर्थिक सहायता के लिए अवगत कराया था। विषय की गंभीरता को देखते हुए सरला कोसरिया ने अपनी सक्रियता और मातृत्व संवेदनाओं का परिचय देते हुए तत्काल संबंधित अस्पताल से दूरभाष से चर्चा कर साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र के माध्यम से गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्ति के समुचित इलाज हेतु आर्थिक सहायता स्वीकृत करने के लिए आग्रह किया था, जिसे मुख्यमंत्री ने 2 लाख रुपए की तत्काल स्वीकृति दी है। हालांकि, गंभीर बीमारी के चलते इलाज के दौरान सुधीर बेहरा का निधन हो गया। शासन द्वारा स्वीकृत सहायता राशि उनकी पत्नी कल्पना बेहरा को उपचार में हुए व्यय की प्रतिपूर्ति के रूप में आर्थिक सहायता सेंट्रल बैंक शाखा तोरेसिंहा के खाता क्रमांक 3974079095 में आरटीजीएस के माध्यम से खाते में आर्थिक सहायता की राशि 2 लाख रुपये जमा कर दी गई है। इस आर्थिक सहायता की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सरला कोसरिया के साथ-साथ भाजपा के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जैविक कृषि को बढ़ावा देने हुई विशेष गोष्ठी

**महासमुंद।** पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम मिलाराबाद में जैविक कृषि को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसने गांव के कृषकों के मन में नई चेतना और उत्साह का संचार किया। इस गोष्ठी की सबसे विशेष बात यह रही कि इसमें छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम के जैविक कृषि संबंधी उद्बोधन को लाइव प्रसारण के माध्यम से किसानों ने सुना, जिससे उनके मन में जैविक खेती को लेकर संभावनाए तथा सरकार के सकारात्मक उद्बोधन से प्रभावित होकर संपूर्ण ग्राम के किसानों ने वर्ष 2025 में लगभग 200 एकड़ भूमि पर जैविक खेती करने का संकल्प लिया।



### नपाध्यक्ष ने की मीना बाजार का शुभारंभ

**महासमुंद।** स्थानीय दादा बाड़ा मैदान में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने मीना बाजार का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष ने कहा कि एक ही स्थान पर जरूरत की सारी चीजें तथा बच्चों के लिए मनोरंजन के साधन मीना बाजार में उपलब्ध रहेगा तथा लोगों को परिवार सहित एक बेहतर वातावरण मिलेगा। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, सभापति जय देवांगन, सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, सभापति जितेंद्र ध्रुव, सभापति ईश्वरी भोई , पार्षद नीरज चंद्राकर, पार्षद धनेंद्र चंद्राकर, पार्षद भाऊराम साहू, पार्षद पीयूष साहू, पार्षद शेखर बेलदार, हाफिज कुरैशी, अक्षय साकरकर, सभापति जय देवांगन आदि उपस्थित रहे।



### आत्मानंद स्कूल में महक प्रथम, अग्रवाल समाज ने किया सम्मान

**सरायपाली।** स्वामी आत्मानंद स्कूल में कक्षा दसवीं की छात्रा महक गर्ग पुत्री (राजेश, मोनी अग्रवाल) ने 97.33 प्रतिशत लाकर स्कूल में प्रथम और महासमुंद जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, गुंजन अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, सेवाशंकर एवं कमल किशोर अग्रवाल ने महक को पुष्प गुच्छ एवं मोमेंटो देकर सम्मान किया।

**सुशासन तिहार में लगाया था आवेदन, मिला समाधान**

# अब बागबाहरा में बनेगा बायपास रोड : डॉ पाणिग्राही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन तिहार के समाधान से अब राष्ट्रीय राजमार्ग 353 पर बागबाहरा बायपास एवं महासमुंद बायपास के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। दोनों बाइपास का सुशासन तिहार के समाधान जो नेट में उपलब्ध है, जानकारी मिलते ही खुशी का इजहार करते हुए प्रारंभ से बागबाहरा बायपास को एक अभियान बनाकर चल रहे डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने कहा कि समाधान के उत्तर एवं पत्र से स्पष्ट है कि अब बागबाहरा बायपास शीघ्र बनेगा। साथ ही महासमुंद बायपास भी बनेगा।

इस कड़ी में डॉ पाणिग्राही ने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के प्रथम कार्यकाल से महासमुंद जिला प्रभारी मंत्री ननकी राम कंवर को प्रथम ज्ञापन से प्रारंभ किया। 18 जून 2006 को मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने हेलो मुख्यमंत्री फोन इन कार्यक्रम में मेरी मांग पर स्पष्ट स्वीकृति देते हुए कहा था कि विश्वनाथ पाणिग्राही के माध्यम से बागबाहरा की जनता को विश्वास दिलाता हूं कि मेरी सरकार बागबाहरा बाइपास जरूर बनाएगी। 2007 में बजट भी स्वीकृत किया। किंतु, बागबाहरा बायपास राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय के क्षेत्रांतर्गत होने के कारण प्रदेश से एनएच में चला गया। इसके बाद भी मैं इस अभियान में जुटा रहा। राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से उनके जन्मदिन पर कवि एवं साहित्यकार गोवर्धन बघेल सहित 3 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल के साथ



महासमुंद, बागबाहरा बायपास के लिए डीपीआर कार्य प्रगति पर

उनके आवास नागपुर में भेंट कर ज्ञापन दिया चर्चा की। उन्होंने मेरी पीठ पर स्नेह पूर्वक हाथ रखते हुए कहा कि बागबाहरा में बायपास जरूर बनेगा। अगले क्रम में रायपुर विमान तल पर भेंट कर ज्ञापन दिया। पत्राचार ट्वीट का सिलसिला जारी रहा। हाल ही में दिल्ली में मंत्री नितिन गडकरी से भेंट न हो पाने के कारण ज्ञापन महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी के माध्यम से भेजा। सांसद ने भी बागबाहरा बायपास के लिए सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। देर आए दुरुस्त आए। अब बायपास निर्माण चरण बद्ध बढ़ेगा। सुशासन तिहार के समाधान के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा डीपीआर की स्वीकृति प्रदान की गई। उसके अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा मैसर्स लायन इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड भोपाल को एनएच 353 में 65.900 किमी 4 लेन सह पेवड सोल्डर एवं महासमुंद तथा बागबाहरा बायपास की डीपीआर कार्य दिया है जो प्रगति पर है। डीपीआर राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा स्वीकृत होते ही निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होगा।

इस आशय का पत्र मेरे द्वारा दिए गए आवेदन के समाधान स्वरूप है, जो कि सुशासन तिहार के वेबसाइट पर उपलब्ध है। डॉ पाणिग्राही ने दुर्ग में सर्व ब्राह्मण समाज परशुराम जयंती एवं भवन लोकार्पण के मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से भेंटकर बागबाहरा बायपास रोड के लिए उनके द्वारा दी गई स्वीकृति से लेकर सुशासन तिहार समाधान तक विवरण से अवगत करते हुए आभार व्यक्त किया। डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को साधुवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है।

**मुलाकात : उपमुख्यमंत्री अरुण साव का हुआ पिथौरा नगर आगमन**

# उपमुख्यमंत्री का स्वागत कर खिलाड़ियों और एनएचएम कर्मचारियों ने सौंपा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव का रविवार को नगर आगमन हुआ। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने उपमुख्यमंत्री से क्षेत्र विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। जिसपर उन्होंने कहा कि सरकार क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

इस दौरान खेल क्षेत्र से जुड़े आर्थिक रूप से कमजोर और उभरते खिलाड़ियों ने पिथौरा क्रिकेट एकेडमी उपाध्यक्ष राजेश चौधरी के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें एक मांग पत्र सौंपा। आवेदन में बताया गया कि क्षेत्र की क्रिकेट अकादमी में ड्यूस बॉल से प्रशिक्षण दिया जाता है, लेकिन कई प्रतिभावान खिलाड़ी आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण सुरक्षा किट और अन्य



आवश्यक सामग्री नहीं खरीद पाते, जिससे वे प्रैक्टिस के दौरान चोटिल हो जाते हैं। खिलाड़ियों ने पिच निर्माण, प्रैक्टिस नेट की व्यवस्था और 5 नग सुरक्षापूर्ण ड्यूस बॉल किट सहित आवश्यक सामग्री खरीदने के लिए आर्थिक सहयोग की मांग की।

### एनएचएम कर्मी भी मिली डिप्टी सीएम से

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी के नेतृत्व में कर्मचारियों का प्रतिनिधिमंडल उपमुख्यमंत्री से मिला और 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग किया कि संविलियन एवं स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे निर्धारण, सीआर व्यवस्था में पारदर्शिता, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, नियमित भर्ती में आरक्षण, अनुकंपा नियुक्ति, चिकित्सा अवकाश सुविधा, स्थानांतरण नीति और 10 लाख तक की कैशलेस चिकित्सा बीमा योजना की मांग को पूरा किया जाए। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने दोनों प्रतिनिधिमंडलों की बात गंभीरतापूर्वक सुनी और भरोसा दिलाया कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों के सपनों को पंख देने और कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाएगी।



### जन्मदिन पर विधायक से मिले कर्मचारी कॉलोनीवासी

**पिथौरा(ग्रामीण)।** बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के जन्मदिन पर शनिवार को कर्मचारी कॉलोनीवासियों ने शाल, श्रीफल और पुष्पगुच्छ भेंट किया। इस दौरान प्रमुख रूप से कर्मचारी नेता पुनीत सिन्हा, अधिवक्ता टिकेंद्र प्रधान, सामाजिक कार्यकर्ता मधु महांती, पोलाराम डड़सेना और संतोष गुप्ता मौजूद रहे।



### बागबाहरा आगमन पर डिप्टी सीएम का किया स्वागत

**बागबाहरा।** सामूहिक आदर्श विवाह के स्वर्ण जयंती के अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव का आगमन घोयनाबाहरा के दौरान बागबाहरा हुआ। नगर पालिका के पास सुरमाल क्रमांक 4 के सामाजिक पदाधिकारियों की उपस्थिति में उनका स्वागत अभिनन्दन किया गया। साथ ही उन्हें समाज की ओर से सांस्कृतिक भवन, रंगमंच व गार्डन निर्माण के लिए ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान तहसील साहू संघ के अध्यक्ष भेखलाल साहू,सुरमाल परिक्षेत्र क्रमांक 4 के अध्यक्ष देवेश साहू (नगर पालिका उपाध्यक्ष), प्रेम साहू (पार्षद), मेनका पोखराज साहू (पार्षद), डॉ लक्ष्मण साहू, नेहरू साहू, विश्वनाथ साहू, भाविक सारवा, धनराज साहू आदि उपस्थित रहे।

### रबी धान फसल की कटाई शुरू ...



**नर्रा।** क्षेत्र में इन दिनों साधन संपन्न किसानों ने रबी फसल धान, मूंगफली आदि की खेती की है। बता दें की फसल पककर तैयार अब इक्का दुक्का किसान हाथ व हंसिया से, कुछ हार्वेस्टर मशीन से कटाई करा रहे हैं।

# सांकरा एवं पड़कीपाली में हरि कीर्तन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

ग्राम पंचायत सांकरा एवं पड़कीपाली में दो दिवसीय हरिकीर्तन का आयोजन किया गया। कीर्तन में लगातार हरे राम हरे कृष्ण महामंत्र का जाप किया गया, जिससे पूरा गांव भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर इस आयोजन का आनंद लिए। भक्ति और आस्था का प्रतीक हरि कीर्तन, ग्रामीण अंचलों में एक विशेष आकर्षण बन गया है। इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति देखी गई। यहां हर उम्र के लोग भक्ति गीतों पर झूमते नजर



आए। इस कीर्तन में जिला एवं राज्य स्तर की कई कीर्तन मंडलियों ने भाग लिया और अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। आयोजन स्थल पर भजन, कीर्तन और प्रसाद भंडारा वितरण की व्यवस्था की गई थी। यह आयोजन जगन्नाथ मंदिर समिति एवं समस्त ग्राम सांकरावासियों की भूमिका सराहनीय रही। वही ग्राम पड़कीपाली में हरि कीर्तन का सफल आयोजन रहा। जिसमें युवाओं की मुख्य भूमिका रही, जिसमें मुना चौधरी, मनु बरिहा, सालिकराम भोई, डंडा राम माझी, दीपेंद्र कुमार भोई, सुशील भोई, ब्रजेश यादव, जुगेश भोई, रिंकू भाई, ऋषिकुमार राणा, पुरंदर भोई, किशोर भोई और देवेंद्र भोई का विशेष योगदान रहा।



### भाजपाइयों ने किया डिप्टी सीएम साव का स्वागत

**महासमुंद।** उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के खल्लारी प्रवास के दौरान स्थानीय बरोंडा चौक में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। क्षेत्र के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने मंत्री साव का शाल भेंटकर अभिनन्दन किया। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वरिष्ठ भाजपा नेता मोती साहू, माधवराव टांकसाले, पार्षदगण नानू भाई, मनीष शर्मा, पीयूष साहू, माखन पटेल, भाऊराम साहू, कल्पना सूर्यवंशी, नगर पालिका विधायक प्रतिनिधि हफीज कुरैशी, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, अजय चोपड़ा, भाजपा नेतागण मुन्ना साहू, रमेश साहू, हनीष बग्गा, लालविजय सिंग, अमन वर्मा, गोविंद ठाकुर, आकाश पांडेय, नईम खान, महेंद्र सिक्का, भरत खत्री, रोहित चंद्राकर, अमित साहू, राकेश श्रीवास्तव, रामेश्वर पटवा, हरीश देवांगन, गौरव राठी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### जन्मदिन पर मुलाकात करने वालों का लगा रहा तांता

**पिथौरा (ग्रामीण)।** क्षेत्रीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के जन्मदिवस पर जनप्रतिनिधियों, नागरिकों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने उनसे मुलाकात की। इस अवसर पर क्षेत्र में भव्य धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें अष्टप्रहरी हरिनाम संकीर्तन, पूजा-अर्चना, भंडारे तथा अस्पतालों में फल वितरण जैसे सेवा कार्य शामिल रहे। विधायक अग्रवाल ने जन्मदिन को राष्ट्र सेवा और समाजसेवा को समर्पित करते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और क्षेत्र की समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर स्वप्निल तिवारी, ब्रह्मानंद पटेल, परमीत सिंह माटा, सौरभ अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, विजय गुप्ता और आत्माराम डडसेना सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# देश को हरित ऊर्जा की ओर अग्रसर करने वाला क्रांतिकारी कदम: चंद्रहास

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा रायपुर में देश के पहले हाइड्रोजन फ्यूल लॉजिस्टिक ट्रक की शुभारंभ किया गया। इस दौरान राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा छग शासन) चंद्रहास चंद्राकर भी मौजूद थे। चंद्राकर ने मुख्यमंत्री के हाथों धुंआ रहित इस ट्रक की शुभारंभ को देश को हरित ऊर्जा की ओर अग्रसर करने वाला क्रांतिकारी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने पर विशेष फोकस है। पीएम ने आगामी कुछ वर्षों में भारत को शून्य कार्बन उत्सर्जन वाला देश बनाने का जो संकल्प लिया है, उसे पाने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण है। पर्यावरण संरक्षण और औद्योगिक विकास के बीच संतुलन साधने में भी यह कदम मददगार होगी। निगम अध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज संपदा समृद्ध प्रदेश है। इस ट्रक का उपयोग खनिज परिवहन में होने से कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पारंपरिक संसाधनों के साथ-साथ ग्रीन टेक्नोलाजी और नवाचार को भी प्राथमिकता दी जा रही है। प्रदेश के विकास और पर्यावरण संरक्षण के साथ भाजपा की सरकार आगे बढ़ रही है। चंद्राकर ने बताया कि भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी साझेदारी से यह ट्रक तैयार किया गया है और इसमें ईंधन के तौर पर हाइड्रोजन का उपयोग होगा। इसके अंतर्गत माल परिवहन के लिए हाइड्रोजन फ्यूल सेल बैटरी से चलने वाले ट्रक विकसित किया जा रहा है। इसमें 200 किमी की दूरी तक 40 टन तक माल ले जाने की क्षमता होगी। उन्होंने कहा कि यह कदम भारत की कच्चे तेल पर निर्भरता घटाने और कार्बन फुटप्रिंट कम करने में सहायक होगा। प्रदूषण और शोर कम करने में मदद मिलेगी।





### छप्परों की मरम्मत कार्य में जुटे ग्रामीण

**नर्रा।** इन दिनों ग्रामीण अंचल के लोग बारिश के पहले कच्चे मकानों के छप्पर मरम्मत कार्य में जुटे हुए हैं। इस दौरान लकड़ी का काण पाटी, बत्ता, खपरैल इत्यादि बदल रहे हैं। ज्ञात हो कि मई माह में भीषण गर्मी पड़ रही है। लोग तेज धूप को देखते हुए सुबह से काम पर लग जाते है। ग्राम कोकडी में छप्पर मरम्मत कार्य में जुटे ग्रामीण।

**आसपास क्षेत्र के खिलाड़ी अभ्यास करने आते हैं तुमगांव के खेल मैदान में**

# खेल कौशल में सुधार के लिए रोज दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- **विभिन्न खेलों- रग्बी, सॉफ्टबॉल, तलवारबाजी, बेसबॉल, खो खो, हैंडबॉल, एथलेटिक्स, कुश्ती, वॉलीबॉल का अभ्यास तुमगांव में**

खेल के क्षेत्र में तुमगांव अपनी पहचान बनाने में सफल होता नजर रहा हैं, जहां आसपास क्षेत्र के लोगों ने अपने बच्चों को प्रशिक्षण के लिए खेल मैदान में विभिन्न खेलों में शामिल होने व बच्चों के खेल कौशल में सुधार के लिए प्रतिदिन शामिल हो रहे हैं। खेल मैदान में रग्बी, सॉफ्टबॉल, तलवारबाजी, बेसबॉल, खो खो, हैंडबॉल, एथलेटिक्स, कुश्ती, रस्साकसी व वॉलीबॉल जैसे खेलों का अभ्यास नियमित किया जाता हैं।

क्षेत्र के बच्चे प्रतिवर्ष विभिन्न खेलों में 150 से अधिक संख्या में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होते रहे हैं। जिनमें 30 से 40 बच्चे राष्ट्रीय ओपन प्रतियोगिता, स्कूल



गेम्स, नेशनल गेम्स, ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में शामिल हो चुके हैं। राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल रायपुर में 4 खिलाडी शामिल हुए। राज्य स्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता बिलासपुर में शामिल हुए। राष्ट्रीय रग्बी चैंपियनशिप गुवाहाटी असम में 02 खिलाड़ी 27 से 28 अप्रैल तक शामिल हुए। सब जूनियर नेशनल रग्बी फुटबॉल चैंपियनशिप ग्वालियर में 03 खिलाड़ी शामिल रहे।

38 वें नेशनल गेम्स उत्तराखंड का आयोजन 8 से 14 फरवरी 2025 तक आयोजित किया गया। जिसमें मॉडर्न पेंटाथलान खेल में मयंक पटेल, ममता धीवर, अभिषेक निर्मलकर एवं विजेता जोशी शामिल रहे। खेल अकादमी में अबीर पांडे तीरंदाजी, टिकेश्वरी साहू, तीरंदाजी इत्यादि का चयन हुआ है। खिलाड़ियों को तैयार करने उनको राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होने, खेल अभ्यास, कौशल विकास, खेल की बारीकियां सीखने के लिए तुमगांव निवासी डॉ सुनील कुमार भोई व्यायाम शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोरिंग ने महत्वपूर्ण भूमिका रहीं है। साथ ही जगदीश धीवर, अभिषेक निर्मलकर, आयुष निर्मलकर, लिशांशु साहू, अभिषेक नेहरू, ओंकार निषाद, एवन साहू का सहयोग रहा।